>

Title : Need to open an engineering college and a big hospital in Gadhara railway yard in Baruani, Bihar.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): सम्मानित सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केंद्रीय सरकार के रेलवे मंत्रालय से कुछ आग्रह करना चाहता हूं। मध्य-पूर्व रेलवे जोन में जो हाजीपुर है, बरौनी जंक्शन एशिया का सबसे बड़ा प्लेटफार्म है, जहां दस वर्ष पहले बहुत सारी एक्सप्रेस ट्रेन्स रूकती थीं।

आज दुर्भाग्य है कि जिसे क्षेत्रीय ज़ोन होना चाहिए, वह एक साधारण स्टेशन भी नहीं रह रहा है। मैं आपके माध्यम से रेलवे मंत्रालय से आग्रह करता हूं कि सैंकड़ों क्वार्टर बने हुए हैं जो भूत बंगला बन चुके हैं। बीहट जो आजादी के संग्राम का बारदोली था, उसके किसानों ने तीन हजार एकड़ जमीन गरहरा यार्ड, जो बरौनी जंक्शन में है, उसे दी। वह जमीन परती पड़ी हुई है। सभापति महोदय, तकलीफ तब होती है जब इस देश के कई रेलवे मंत्रियों ने वहां जाकर कोच कारखाना बनाने के लिए, सैंट्रल डिपो बनाने के लिए शिलान्यास किया। लेकिन सब छलावा साबित हुआ। मैं आज बड़े दर्द के साथ इस बात को उठाना चाहता हूं। मैडम सुश्री ममता बनर्जी रेल मंत्री हैं। उन्होंने इस सदन में कई घोषणाएं की हैं। मैं रेल मंत्रालय से आग्रह करना चाहता हूं कि किसानों ने जो तीन हजार एकड़ जमीन गरहरा यार्ड को दे रखी है, जिसे 50-60 वर्ष हुए हैं, हम चाहते हैं कि वहां मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज या बड़ा अस्पताल बने ताकि आजादी के संग्राम के शहीदों के सपने चरितार्थ हो सकें। मैं आपके माध्यम से, इस सदन के माध्यम से, जो जनता की आशा, आकांक्षाओं का दर्पण है, केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि गरहरा यार्ड को एक राष्ट्रीय फलक पर उपस्थापित करें। वहां मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज या अस्पताल बने। मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान, सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं।